# सीबीएसई ने किए 12वीं बोर्ड के नतीजे घोषित

## मध्यप्रदेश में कुल 79 .43% विद्यार्थी हुए पास, पारस खडक्कर 98 .4% से बने सिटी टॉपर




**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 13 मई. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बुधवार दोपहर कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं. बता दें इस साल मध्य प्रदेश के कुल 80 हजार 454 विद्यार्थियों ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा दी थी. जिसमें से 79.43 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं. वहीं अगर पूरे देश की बात करें तो राष्ट्रीय स्तर पर कुल 85.20 प्रतिशत छात्र-छात्राएं पास हुए हैं.**

इस लिहाज से मध्य प्रदेश का रिजल्ट राष्ट्रीय औसत से 5.77 प्रतिशत पीछे रह गया है. आंकड़ों के अनुसार इस बार देशभर के परीक्षा परिणाम में गिरावट दर्ज की गई है. वहीं देश स्तर पर पिछले साल के यही आंकड़े 88.39 प्रतिशत थे. लेकिन इस बार भोपाल का प्रदर्शन अन्य पड़ोसी राज्यों और बड़े शहरों जैसे, लखनऊ और रांची की तुलना में भी कमजोर रहा है. जबकि परीक्षा परिणामों में कुल सफल विद्यार्थियों में तिरुवनंतपुरम 95.62 प्रतिशत के साथ देश में अव्वल है. वहीं राजधानी में डीपीएस कोलार के पारस खडक्कर ने 98.4 प्रतिशत के साथ सिटी टॉपर की सूची में पहले और आईईएस स्कूल की महक कौशल ने 98.2 प्रतिशत के साथ शहर में दूसरे नंबर पर है.

## राजधानी के इन विद्यार्थियों ने मारी बाजी

मैंने लगातार शुरु से अपनी पढ़ाई पर फोकस किया है. जिसमें मेंरे टीचर्स और मेरे परिवार का काफी सहयोग रहा है. मैं आगे की पढ़ाई में सीए की तैयारी करूंगा. मेंरी दीदी भी कॉमर्स से टॉपर रही हैं, अभी सीए की आर्टिकलशिप पूरी कर रही हैं. अब मुझे भी चार्टर्ड एकाउंटेंट बनना है.



**पारस खडक्कर,** 98 .4 प्रतिशत, कॉमर्स, डीपीएस, कोलार

सेल्फ स्टडी, स्कूल और परिवार के सहयोग के साथ रोज 4 से 5 घंटे की पढ़ाई करती थी. आगे आईपीएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हूं. इतिहास मेंरा पसंदीदा विषय है. यह केवल अतीत से नहीं बल्कि आने वाले समय की चुनौतियों से भी परिचित कराता है.



**महक कौशल,** 98 .2 प्रतिशत, कला, आईएस स्कूल



मैंने 12वीं के साथ वकालत के लिये क्लैट की भी तैयारी की कर रही थी. दोनों ही चैलेंजिंग थे, लेकिन मेहनत और पढ़ाई से मैंने क्लैट में भी एमपी में 34 रैंक हासिल की. और आज बोर्ड का रिजल्ट देखकर बहुत खुशी हो रही है. मैं अपने परिवार से वो पहली लड़की हूं जो वकील बनने के सपने को सच करने जा रही है.

**अर्यमा मिश्रा,** 97 .6 प्रतिशत, कला, डीपीएस, कोलार



पापा मैनेजमेंट के क्षेत्र में काम करते हैं, उन्हे बचपन से देखकर लगता था उनकी तरह मैनेजमेंट या फाइनेंस के क्षेत्र में करियर बनाना चाहिये. जिसके लिये मैं सीयूईटी और आईपीमैट की तैयारी कर रही हूं. वहीं 12वीं के लिये रोजाना 6 से 8 घंटे पढ़ाई और मां का सहयोग मेंरे बेहतर परिणाम का कारण है.

**आन्या चतुर्वेदी,** 97 .4 प्रतिशत, कॉमर्स, डीपीएस, कोलार

हफ्ते में केवल 4 दिन स्कूल जाती थी, बाकी दिन घर पर सेल्फ स्टडी करती थी. छुट्टी वाले दिन कभी पढ़ाई नहीं की. खुद को हमेंशा तनाव से दूर रखते हुये 12वीं के साथ आईपीमैट की तैयारी की है. रोजाना करीब 4 से 5 घंटे का समय पढ़ाई में दिया है. आगे किसी आईआईएम से एमबीए करके उसी क्षेत्र में करियर बनाऊंगी.



**खुशी कुईया,** 96 .2 प्रतिशत, कॉमर्स, आईएस स्कूल

पढ़ाई को कभी किसी दबाव में रहकर नहीं किया. दबाव महसूस होने पर अंग्रेजी की किताबें पढ़ने लगती थी. जिससे तनाव कम करने में मदद मिलती थी. आगे मैनेजमेंट की पढ़ाई कर इसी क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हूं. लगातार पढ़ाई और जीवन में अनुशासन के साथ ही मैं इस परिणाम तक पहुंच सकी हूं.



**सृष्टि नेगी,** 97 .2 प्रतिशत, कला, डीपीएस, कोलार

## एनटीपीसी विंध्याचल में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस का हुआ आयोजन




**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 13 मई। एनटीपीसी विंध्याचल के विंध्य चिकित्सालय में 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख रहे। इस अवसर पर एजे राजकुमार महाप्रबंधक एवं रूमा दे शर्मा मानव संसाधन प्रमुख की विशेष उपस्थिति रही।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बीके भराली महाप्रबंधक ने की। इस अवसर पर चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पांजलि अर्पण, दीप एवं मोमबत्ती प्रज्वलन तथा केक कटिंग समारोह से हुई। इसके पश्चात नर्सिंग अधिकारियों द्वारा शपथ ग्रहण कर संवेदनशील एवं समर्पित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का संकल्प दोहराया गया। अपने संबोधन में अतिथियों ने नर्सिंग समुदाय की अथक सेवा भावना एवं मानवीय संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि नर्सें केवल उपचार ही नहीं, बल्कि अपने स्नेहए सहानुभूति एवं देखभाल से मरीजों को नया जीवन देती हैं। कार्यक्रम को और भी जीवंत बनाते हुए विंध्य अस्पताल की नर्सिंग टीम द्वारा समूह गीत, नृत्य एवं सामाजिक संदेशों पर आधारित लघु नाटिकाओं की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।

## कार से डेढ़ किलो गांजा और हथियार बरामद, पांच गिरफ्तार

**शहडोल.** जिले की अमलाई थाना पुलिस ने एक लग्जरी कार से डेढ़ किलो से अधिक गांजा, दो देशी कट्टे और दो जिंदा कारतूस बरामद कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात अनूपपुर जिले की ओर से आ रही एक संदिग्ध लग्जरी कार को रोककर तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान वाहन से एक किलो 567 ग्राम गांजा, दो देशी कट्टे तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए. पुलिस ने वाहन में सवार उदयभान जायसवाल, आशीष गुप्ता, कपिल सोनी, मोहम्मद युसूफ और प्रणव शर्मा से बरामद सामग्री के संबंध में वैधानिक दस्तावेज मांगे, लेकिन वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके. पुलिस ने सभी आरोपियों को नारकोटिक्स एक्ट तथा अन्य संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,

## सिरमौर विधानसभा के कांग्रेस के संगठन प्रभारी अरविंद सिंह चंदेल का दो दिवसीय दौरा

**नवभारत न्यूज**

**सिरमौर, 13 मई. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय श्री जीतू पटवारी जी के निर्देशन पर जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण के अध्यक्ष माननीय इंजी राजेंद्र शर्मा जी के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को जमीनी स्तर में मजबूत करने के लिए सिरमौर आगमन हो रहा है।**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिरमौर के अध्यक्ष विष्णु शुक्ला ब्लॉक संगठन प्रभारी श्री राजेंद्र शुक्ला अपने संयुक्त विज्ञप्ति में सूचना देते हुए बताए हैं कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिरमौर अंतर्गत 14 मई 2026 को विधानसभा प्रभारी अरविंद सिंह चंदेल जी जिला अध्यक्ष इंजी राजेंद्र शर्मा जी का संयुक्त



दौरा सिरमौर ब्लॉक अंतर्गत नगर बैकुंठपुर में 3:00 बजे नगर कांग्रेस लोगों के साथ बैठक *स्थान*कृष्णा मैरिज गार्डन बैकुंठपुर में एवं उसी दिन समय 4:00 बजे* स्थान *मंगल परिणय मैरिज गार्डन भारद्वाज आश्रम डभौरा रोड (दीपू पंडित) के घर के पास होगी। जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिरमौर के सभी वरिष्ठ कांग्रेस के नेता गणों के साथ बैठक उसके बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीयों के साथ बैठक उसके बाद नगर कांग्रेस के पदाधिकारी के साथ बैठक होगी उक्त कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण के संगठन महासचिव एड रवि तिवारी जी सिरमौर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं सिरमौर विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे।

ब्लॉक अध्यक्ष श्री विष्णु शुक्ल ने सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिरमौर के वरिष्ठ नेताओं जिला पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी नगर अध्यक्ष सभी मंडलम अध्यक्ष सभी पंचायत अध्यक्ष सभी क्क्2 मंडलम कमेटी के सदस्य नगर कमेटी के सदस्य गण एवं कांग्रेस पार्टी के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस किसान कांग्रेस सेवादल एनएसयूआई एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की है कि कार्यक्रम के समय अनुसार निर्धारित समय से पहुंचने का कष्ट करें। यह कार्यक्रम संघटनात्मक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है।

## धूलभरी आंधी से बैढ़न शहर ब्लैक आउट

### जन जीवन अस्त-व्यस्त, व्यापारियों ने आनन-फानन में बंद किये दुकानों के शटर



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 मई। बुधवार की शाम अचानक धूलभरी आंधी से जनजीवन जहां प्रभावित हुआ है, वहीं बैढ़न शहर करीब तीन घंटे से ब्लैक आउट था। अचानक आई इस तूफान से कई कट आउट एवं पेड़ की डालियां भी गिरी हैं। हालांकि किसी भी प्रकार की जनहानि की खबर नही है।**

दरअसल शाम 6 बजे तक ऊर्जाधानी में आसमान खुला था, दोपहर के वक्त ऊर्जाधानी का तापमान अधिकतम 43 एवं न्यूनतम 29 डिग्री रहा। इस दौरान लू के थपेड़ों ने लोगों को परेशान कर दिया। शाम ढलते ही अचानक मौसम का मिजाज बदला और धूल भरी आंधी ने पूरे ऊर्जाधानी को परेशान कर दिया। करीब तीन घंटे से ऊपर आंधी का असर रहा है। इस दौरान जिला मुख्यालय बैढ़न समेत अधिकांश अंचल ब्लैक आउट हो गया। बिजली गुल होते ही शहर में अधेरा छा गया। आंधी का असर देवसर, बरगवां, माड़ा, सरई, चितरंगी, लंघाडोल थाना क्षेत्र में भी रहा है।

### 11 हजार बोल्टेज पर गिरा आम का पेड़

विद्युत वितरण केन्द्र चितरंगी क्षेत्र के सब स्टेशन धरौली अंतर्गत मनिकपुर गांव के 11 हजार बोल्टेज तार पर आज तूफान के दौरान एक आम का पेड़ भरभरा कर जड़ से उखड़ कर गिर पड़ा। जहां शाम के वक्त से ही बिजली कई गांवो में गुल है। बिजली के गुल होने से उमस भरी गर्मी से लोग काफी परेशान हैं। बताया जा रहा है कि तेज तूफान के चलते आम

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 13 मई. देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जिगदहा मोड़ के पास बीती रात एक हृदयविदारक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।**

हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्जुन बागरी (39 वर्ष) पिता लोकनाथ बागरी निवासी चिखलहई भडार थाना अमानगंज तथा संजय बागरी (34 वर्ष) पिता सूरज बागरी निवासी तिघरा भडार थाना अमानगंज, दोनों युवक सिंहपुर जिला सतना में आयोजित एक लगन कार्यक्रम में शामिल होकर मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही वे जिगदहा मोड़ के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने लापरवाहीपूर्वक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तत्काल थाना पुलिस एवं डायल-112 को सूचना दी गई। सूचना पर देवेंद्रनगर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

**युवती को ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार-** जिले में सोशल मीडिया पर फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर युवती को अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को शाहनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी घटना के बाद से करीब चार वर्ष से फरार चल रहा था. थाना शाहनगर क्षेत्र की एक युवती ने आठ सितंबर 2022 को शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी और पैसों की मांग कर ब्लैकमेल किया. शिकायत के आधार पर थाना शाहनगर में अपराध क्रमांक 218/22 के तहत धारा 384 भारतीय दंड संहिता तथा धारा 67 आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन में थाना प्रभारी शाहनगर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई. विवेचना के दौरान साइबर सेल पन्ना की सहायता से तकनीकी विश्लेषण और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान नहीम खान (29) निवासी आजाद मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 10, जिला अशोकनगर के रूप में हुई.

**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जिला सतना (म.प्र.)**

**क्रमांक/140/आर.आर./2026**

**सतना, दिनांक 08.05.2026**

**प्रकरण क्रमांक 02/अपील/2025-26**

1. श्रीमती यशोदा चतुर्वेदी पत्नी स्व. श्री बृजवासी प्रसाद चतुर्वेदी
2. कामता प्रसाद चतुर्वेदी पिता स्व. श्री बृजवासी प्रसाद चतुर्वेदी
3. दिवाकर चतुर्वेदी पिता स्व. श्री बृजवासी चतुर्वेदी सभी निवासी ग्राम बिरहुली तहसील रघुराजनगर जिला सतना (म.प्र.)...........**अपीलार्थीगण**

**बनाम**

1.रामभगत तिवारी पिता रामाश्रय तिवारी निवासी हनुमाननगर नई बस्ती सतना तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र.
2.दुर्गेश पाठक पिता श्री रामभगवान पाठक निवासी बदखर वार्ड नं. 12 सतना तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र.
3. श्रीमती कीर्ति झा पति श्री रामबाबू झा निवासी गोला रोड मंजू वाटिका दानापुर जिला पटना बिहार हाल निवासी संतोषी माता मंदिर के पीछे सतना तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र.
4. श्रीमती ललन पत्नी श्रवण कुमारी द्विवेदी निवासी बिटमा तहसील बिरसिंहपुर जिला सतना म.प्र.
5.दयाराम पिता जगदीश शरण सिंह निवासी मझगवां तहसील कोटर जिला सतना म.प्र.
6. रत्नेश पिता जगदीश शरण सिंह निवासी मझगवां तहसील कोटर जिला सतना म.प्र.................रेस्पा.गण

**राजस्व प्रकरण में उपस्थित होने की सूचना**

अपीलार्थीगण द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रघुराजनगर के प्रकरण क्रमांक 0172/अ6अ/2022-23 में पारित आदेश दिनांक 17.02.2025 के विरुद्ध म.प्र. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत अपील प्रस्तुत की गई. रेस्पा.गणों को कई बार सूचना पत्र जारी किया गया किन्तु सूचना की तामीली नहीं हो पा रही है.

अतएव समाचार पत्र के माध्यम से रेस्पा.गणों को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 08.06.2026 को वह स्वयं या अपने अभिकर्ता अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन करें. उक्त दिनांक को न्यायालयीन समय में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करते हुए निर्णय लिया जावेगा.

अत: अपीलार्थीगण, दो समाचार पत्र में जिसका circulation जिला एवं राज्य में प्रभावित हो, स्वयं के व्यय पर प्रकाशित कर तामील करावे.

यह सूचना पत्र मेरे हस्ताक्षर व न्यायलयीन मुद्रा से जारी व प्रकाशित किया गया.

**कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट**
**सतना (म.प्र.)**

In The Court of Civil Judge
Class-II, District Court, Satna

Presiding Officer : सुश्री संयोगिता खत्री
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCSA/0000511/2025)

श्रीमती रामकली हरिजन...............वादी

V/S

राजेश प्रसाद हरिजन.....................प्रतिवादी

**Process Id-28/2026**
**पेशी दिनांक :- 15/05/2026**

**प्रेषिती-**

1. हर आम एवं खास व्यक्ति जो हित रखता हो. पता निवासी ग्राम भैसवार पोस्ट भैसवार तहसील कोठी जिला सतना.

यह कि प्रार्थी श्रीमती रामकली हरिजन ने आपके विरुद्ध आरसीएसए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित करना प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करे.

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत कराये.

यह आज तारीख 25 April 2026 ∑को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है.

**(संयोगिता खत्री)**
**न्यायाधीश**
**षष्टम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड**
**सतना (म.प्र.)**

कृपया ध्यान दे:- यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा.

**घोटाले** | केन-बेतवा परियोजना जैसे मुद्दे सरकार की विफलताओं को उजागर करते हैं : पटवारी

## आदिवासियों के साथ विश्वासघात कर रही सरकार

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 13 मई. जीतू पटवारी ने बुधवार को केंद्र और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर युवाओं, किसानों और आदिवासी समुदायों के साथ 'विश्वासघात' करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा विवाद और केन-बेतवा परियोजना से जुड़े विस्थापन के मुद्दे सरकार की विफलताओं को उजागर करते हैं.**




भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पटवारी ने कहा कि नीट परीक्षा में सामने आई अनियमितताएं कोई अलग घटना नहीं हैं, बल्कि भाजपा शासन में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक और भर्ती घोटालों की श्रृंखला का हिस्सा हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल करीब 24 लाख विद्यार्थियों के भविष्य और सपनों के साथ खिलवाड़ किया गया है.

पटवारी ने मध्यप्रदेश के व्यापम घोटाले सहित पूर्व में सामने आए विभिन्न परीक्षा विवादों का उल्लेख करते हुए कहा कि राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोगों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हो पाती. उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े संगठनों पर शिक्षा संस्थानों और भर्ती प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का आरोप भी लगाया. उन्होंने कहा कि मध्यमवर्गीय परिवार अपने बच्चों को डॉक्टर बनाने के लिए वर्षों तक मेहनत और भारी आर्थिक खर्च करते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार और अव्यवस्था उनकी उम्मीदों को तोड़ रही है. पटवारी ने घोषणा की कि कांग्रेस 16 मई को युवाओं, रोजगार, शिक्षा और परीक्षा सुधारों को लेकर व्यापक अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करेगी.

> कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बुंदेलखंड दौरे के दौरान केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का मुद्दा भी उठाया. उन्होंने आरोप लगाया कि हजारों आदिवासी परिवारों को बिना उचित मुआवजे और पुनर्वास के विस्थापित किया जा रहा है. कई परिवार पुराने भूमि रिकॉर्ड और पुनर्वास संबंधी खामियों के कारण मुआवजे से वंचित रह गए हैं.

> पटवारी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन, पुलिस और वन विभाग परियोजना से जुड़े निजी ठेकेदारों के पक्ष में कार्य कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं, किसानों, आदिवासियों और गरीब वर्गों के अधिकारों के लिए 'सड़क से सदन तक' संघर्ष जारी रखेगी.


**कार्यालय नगर परिषद् चित्रकूट जिला सतना (म.प्र.)**

ईमेल-: cmchitrakoot@mpurban.gov.in | संपर्क:- 07670-265329

क्र./E-Tender/तक./1565/2026 | चित्रकूट, दिनांक 12.05.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर परिषद् चित्रकूट द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है. निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https//mptenders.gov in पर देखा जा सकता है.

| क्र | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_507209_1 | मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना चतुर्थ चरण अंतर्गत थरपहाड़ मार्ग निर्माण कार्य. | 62754000.00/- | 313770.00/- | 20000.00/- | 12 माह |

शर्तें :-
1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन https-//mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा. पृथक से स समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा.
2. निविदा प्रपत्र केवल आनलाइन दिनांक 14.05.2026 को 10.00 बजे से 15.06.2026 में 18.00 बजे तक क्रय एवं भरे जा सकते हैं.
3. निविदा की समस्त शर्तें निविदा प्रपत्र अनुसार होंगी.
4. सम्पूर्ण दरें जी.एस.टी. छोड़कर प्रस्तुत की जावें.
5. जिन संविदाकारों को निकाय द्वारा ब्लैक लिस्टेड या प्रतिबंधित किया गया है एवं जिन संविदाकारों द्वारा अनुबंध नहीं किया गया है, वह निविदा में भाग नहीं ले सकते हैं और ना ही उनकी निविदाएं खोली जायेगी.
6.ठेकेदार द्वारा किये गये निर्माण कार्य का भुगतान निकाय में बजट उपलब्ध होने पर ही किया जावेगा जो ठेकेदार को मान्य एवं स्वीकार होगा.

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् चित्रकूट**